इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टिवेशन ऑफ साइंस

डि नोवो श्रेणी के तहत डिम्ड यूनिवर्सिटी
(यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा 3 के तहत)
(विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार का एक स्वायत्त संस्थान)
यादवपुर, कोलकाता 700032

इसके इंटिग्रेटेड बैचलर्स-मास्टर्स प्रोग्राम इन साइंस तथा मास्टर्स/इंटिग्रेटेड मास्टर्स-पीएच.डी प्रोग्राम इन साइंस - 2022 तथा वर्ष 2022 के ऑटम सेमेस्टर में पीएच.डी. प्रोग्राम में प्रवेश

इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टिवेशन ऑफ साइंस (आईएसीएस) भारत में अपनी तरह का सबसे पुराना विज्ञान अनुसंधान संस्थान है। सन् 1876 में अपनी स्थापना के बाद से, आईएसीएस मौलिक विज्ञान में उच्च स्तरीय अनुसंधान कर रहा है। आईएसीएस भारत का एकमात्र संस्थान है, जिसने भारत से किए गए अपने कार्यों के लिए विज्ञान में एशिया का पहला एवं देश का एकमात्र नोबेल पुरस्कार अर्जित किया है। आईएसीएस को मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिसूचना सं. एफ.9-7.2017-यू.3 (ए) दिनांक 26 मई 2018 के अनुसार बेसिक एवं अप्लाइड साइंसेज के उभरते क्षेत्रों में डिग्रियां प्रदान करने के लिए डि नोवो श्रेणी के तहत एक डिम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा प्रदान किया गया है। आईएसीएस विभिन्न स्कूलों जैसे स्कूल ऑफ अप्लाइड एंड इंटरडिसिप्लनरी साइंसेज, स्कूल ऑफ

बायोलॉजिकल साइंसेज, स्कूल ऑफ केमिकल साइंसेज, स्कूल ऑफ मैटेरियल्स साइंसेज, स्कूल ऑफ मैथेमेटिकल एंड कम्प्यूटेशनल साइंसेज तथा स्कूल ऑफ फिजिकल साइंसेज के तहत नियमित पूर्णकालिक पीएच.डी. प्रोग्राम के साथ विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में इंटिग्रेटेड बैचलर्स एवं मास्टर्स प्रोग्राम इन साइंस तथा मास्टर्स/इंटिग्रेटेड मास्टर्स-पीएच.डी. प्रोग्राम परिचालित कर रहा है।

इंटिग्रेटेड बैचलर्स-मास्टर्स प्रोग्राम इन साइंस - 2022 में प्रवेश

आईएसीएस उन उच्च प्रेरित विद्यार्थियों के लिए नये सिरे से पंचवर्षीय इंटिग्रेटेड बैचलर्स एवं मास्टर्स प्रोग्राम इन साइंस का आयोजन कर रहा है, जिन्होंने विज्ञान के विषयों में (10 + 2) स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस प्रोग्राम का उद्देश्य विज्ञान में उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस विशेष प्रोग्राम के माध्यम से, स्नातक शिक्षण को संस्थान के सभी प्रमुख स्कूलों में आधुनिक अनुसंधान के साथ एकीकृत किया गया है। प्रोग्राम के पहले तीन सेमेस्टर में फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथेमैटिक्स, कम्प्यूटर साइंस एवं बायोलॉजिकल साइंसेज में मूलभूत पाठ्यक्रम शामिल होंगे। चौथे सेमेस्टर से विद्यार्थीगण एक विषय (फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजिकल साइंस, मैथेमैटिक्स एवं कंप्यूटर साइंस से) को मुख्य के रूप में चुनेंगे, जो कि योग्यता मापदंडों को पूरा करने तथा संबंधित स्कूलों में सीटों की उपलब्धता विषय है। सातवें सेमेस्टर से विद्यार्थियों को सीधे अनुसंधान के लिए अग्रसर किया जाएगा। इंटिग्रेटेड बैचलर्स एवं मास्टर्स प्रोग्राम इन साइंस - 2022, जिसके 16 अगस्त, 2022 से शुरू होने की संभावना है, में प्रवेश के लिए उज्ज्वल एवं प्रेरित भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। वे आवेदक, जिनकी 10 + 2 स्तर की बोर्ड परीक्षा पूरी होनी बाकी है, वे यूजी प्री-इंटरव्यू स्क्रीनिंग टेस्ट (यूपीएसटी) के लिए योग्य हैं। यूपीएसटी-2022 पूरी तरह से कंप्यूटर-आधारित परीक्षा प्रारूप के रूप में फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथेमैटिक्स एवं कंप्यूटर साइंस एवं बायोलॉजिकल साइंस में से किसी एक में बहुविकल्प वाले प्रश्नों के आधार पर भारत के विभिन्न शहरों में 02 जुलाई 2022 को होना संभावित है। इसमें चुने गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा, जिसमें प्रोग्राम के लिए अधिकतम पचास (50) उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा और उसे आईएसीएस की वेबसाइट पर घोषित किया जाएगा। यह चयन यूपीएसटी में प्रदर्शन के बाद साक्षात्कार के आधार पर होगा, और योग्यता बोर्ड (10 + 2) परीक्षा में 60% अंक (नियमों के अनुसार आरक्षण मानदंड लागू होंगे) प्राप्त करने के अधीन होगा। इसके साथ ही, केवीपीवाई फेलो सीधे साक्षात्कार के लिए योग्य होंगे, जो कि उनके रैंक एवं अन्य स्क्रीनिंग मापदंड पर निर्भरशील होगा; हालांकि इस रूट से चयनीत उम्मीदवारों की अधिकतम संख्या दस (10) होगी। चौथे वर्ष में प्रवेश करने वाले भर्ती विद्यार्थीगण संस्थान के मानदंडों का पालन करते हुए मासिक वजीफा प्राप्त करने के पात्र हो सकते हैं। ईडब्ल्यूएस सहित आरक्षित श्रेणियों के तहत प्रवेश नियमानुसार होगा।

मास्टर्स/इंटिग्रेटेड मास्टर्स - पीएच.डी प्रोग्राम इन साइंस- 2022 में प्रवेश

केमिकल साइंसेज, फिजिकल साइंसेज, मैटेरियल्स साइंसेज, मैथेमैटिकल एंड कम्प्यूटेशनल साइंसेज, अप्लाइड एंड इंटरडिसिप्लिनरी साइंसेज के स्कूलों में मास्टर्स/इंटिग्रेटेड मास्टर्स-पीएच.डी प्रोग्राम, जिसके लिए सत्र के 16 अगस्त, 2022 से प्रारम्भ होने की संभावना है, में प्रवेश के लिए उच्च प्रेरित भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। वे उम्मीदवार, जिनकी स्नातक स्तरीय विश्वविद्यालय परीक्षाएं पूरी होनी बाकी है, वे आवेदन करने के योग्य हैं, लेकिन उनका अंतिम चयन योग्यता परीक्षा में 60% अंकों (आरक्षण मापदंड नियमों के अनुसार प्रयोज्य होगा) को हासिल करने के अधीन होगा। जिन उम्मीदवारों की इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि हैं और स्कूल ऑफ मैथेमेटिकल एंड कम्प्यूटेशनल साइंसेज में प्रवेश चाहते हैं, के पास मैथेमैटिक्स एवं कम्प्यूटर साइंस में पर्याप्त प्रशिक्षण होना चाहिए। योग्य आवेदकों को मास्टर्स प्री-इंटरव्यू स्क्रीनिंग टेस्ट (एमपीएसटी) में शामिल होने की आवश्यकता होगी। एमपीसीटी-2022 पूरी तरह से कंप्यूटर आधारित परीक्षा प्रणाली में पूरे भारत के विभिन्न शहरों में स्कूल की पसंद पर निर्भरशील विषय के बहुविकल्पीय प्रश्नों पर 02 जुलाई 2022 को आयोजित होना संभावित है। लिखित परीक्षा के आधार पर चुने गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा, जिसमें से प्रत्येक स्कूल में प्रवेश के लिए अधिकतम बीस (20) उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। किसी खास स्कूल में वास्तविक प्रवेश एमपीएसटी एवं साक्षात्कार में उम्मीदवारों के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। प्रवेशित विद्यार्थीगण पहले दो वर्षों के लिए 12,000/- रूपये प्रति माह (निश्चित) का वजीफा प्राप्त करने के पात्र हो सकते हैं, बशर्ते वे अपने पहले सेमेस्टर की अंतिम परीक्षा में निर्धारित सीजीपीए और अन्य मानदंडों को पूरा करते हों। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के सफल समापन पर, संस्थान द्वारा निर्धारित मानदंडों को पूरा करने वाले विद्यार्थियों को इंटिग्रेटेड मास्टर्स - पीएच.डी विद्यार्थी के रूप में पीएच.डी. प्रोग्राम में प्रवेश देने पर विचार किया जाएगा, जिन्हें प्रचलित मानदंडों के अनुसार जूनियर रिसर्च फैलोशिप प्रदान की जाएगी, बशर्ते वे राष्ट्रीय पात्रता के मानदंडों को पूरा करते हों। ईडब्ल्यूएस सहित आरक्षित श्रेणियों के तहत प्रवेश नियम के अनुसार होगा।

इंटीग्रेटेड बैचलर्स - मास्टर्स एवं मास्टर्स / इंटीग्रेटेड मास्टर्स-पीएचडी प्रोग्राम के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जाएगा। यह ऑनलाइन आवेदन मई 2022 के दूसरे सप्ताह के आसपास चालू होगा। इसके लिए गैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क 1200 रूपये (केवल अजा / अजजा एवं पीडी उम्मीदवारों के लिए 600 रूपये) है।

आवेदनों, आवेदन प्रपत्र, शुल्क संरचना, पाठ्यक्रम एवं अन्य प्रासंगिक विवरणों के खुलने / बंद होने की तिथि के बारे में जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http://www.iacs.res.in देखें।

रजिस्ट्रार

h-26 x w-16